गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उ0प्र0)

कुलानुशासक कार्यालय, प्रशासनिक भवन

जी.बी.यू.–026/सी.पी./024/2026/एम–01/ 877 दिनांकः– 18/11/2026

::नोटिस::

समस्त विभागीय सदस्यों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कुछ वाहन चालकों द्वारा असुरक्षित एवं यातायात नियमों के विपरीत वाहन चलाए जाने के मामले संज्ञान में आये है, जिससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। विश्वविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से निम्नलिखित निर्देश जारी किये जाते हैः–

1. विश्वविद्यालय परिसर में वाहन चलाते समय प्रत्येक वाहन चालक के लिए अपना वैध ड्राइविंग लाइसेंस (Driving Licence) तथा वाहन के सभी वैध एवं आवश्यक दस्तावेज (जैसे– Registration Certificate (RC), Insurance, Pollution Certificate (PUC) आदि) अपने साथ रखना अनिवार्य होगा।
2. किसी भी प्रकार के वाहन का ग्रैंड वॉक (Grand Walk), शान्ति–सरोवर एवं स्कूल के बैक गेट (Back Gate) पर वाहन चलाना एवं पार्क करना पूर्णतः वर्जित है।
3. विश्वविद्यालय परिसर में काले शीशा **(Black/Coloured Glass)** लगे वाहनों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित है।
4. प्रत्येक वाहन पर R.T.O. Office द्वारा जारी वैध नंबर प्लेट वाहन के आगे एवं पीछे अनिवार्य रूप से लगी होनी चाहिए।
5. विश्वविद्यालय परिसर में वाहन का प्रयोग करते समय निर्धारित गति सीमा (अधिकतम 30कि. मी. प्रतिघण्टा) का पालन करना अपेक्षित है।
6. Speed breaker to bypass करने के लिये साइकिल ट्रैक का उपयोग अनुचित है।
7. दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राइडिंग **(Triple Riding)** करना अथवा बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाना प्रतिबन्धित है।
8. वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क किए जाएँ तथा पार्किंग गेट के सामने वाहन खड़ा न किया जाए।
9. Modified number plate & Modified silencer का उपयोग पूर्वतः प्रतिबन्धित है।

अतः समस्त संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त निर्देशों का उल्लंघन करने अथवा उनका अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसमें पुलिस कार्रवाई, निर्धारित जुर्माना (Fine) लगाने तथा वाहन को जब्त (Seize) किए जाने जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

(डा0 विक्रान्त नैन)
कुलानुशासक एवं प्रभारी विश्वविद्यालय सुरक्षा

प्रतिलिपिः–

- माननीय कुलपति महोदय के स्टाफ को, महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।
- कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
- प्रभारी छात्र कल्याण, महोदय को सूचनार्थ।
- निदेशक कार्य को सूचनार्थ।
- मुख्य छात्रावास अभिरक्षक (पुरूष/महिला), को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
- सुरक्षा संबन्धित फर्म को उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु।

19.11.2026
कुलानुशासक एवं प्रभारी विश्वविद्यालय सुरक्षा

(डॉ० विक्रांत नैन)
कुलानुशासक/प्रभारी विश्वविद्यालय सुरक्षा
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
ग्रेटर नोएडा (उ0प्र0)

Office of the Chief Warden, G.B.U., Gr. Noida
RECEIVED
Date 19/11/26
01:36 PM